आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 18.12.2024

समय 1830

पहले मुख्य समाचार :–

- उत्तरकाशी जिला प्रशासन शीतकालीन और आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को बेहतर करने में जुटा।
- प्रदेश में अंतिम मतदाता सूची 6 जनवरी को जारी की जाएगी। निर्वाचन आयोग को अबतक 1 लाख 16 हजार 428 नए आवेदन प्राप्त हुए।
- रुद्रप्रयाग पुलिस ने श्री भैरव मंदिर परिसर के वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया।
- और, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल पौड़ी में नयार नदी पर 56 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सतपुली झील का शिलान्यास करेंगे।

शीतकालीन यात्रा

उत्तरकाशी जिले में शीतकालीन और आगामी चारधाम यात्रा को दृष्टिगत व्यवस्थाओं को सुदृद्ध किया जा रहा है। इसके तहत यमुनोत्री यात्रा पड़ावों के मुख्य मार्गों में आजीविका गतिविधियों को विकसित किये जाने और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की आय वृद्धि के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। आज शासन–प्रशासन के अधिकारियों ने खरसाली, जानकी चट्टी और अन्य स्थानों पर आउटलेट केन्द्रों के संचालन को लेकर भूमि चयन कार्यों का निरीक्षण किया।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी अगले वर्ष से केवल शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित करेगी, भर्ती परीक्षाएं नहीं। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि त्रुटिमुक्त परीक्षा संचालित करने और जवाबदेही तय करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य मंत्रालय विचार विमर्श कर रहे हैं कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा– नीट यूजी ऑनलाइन मोड में ली जाए या ऑफ लाइन। उन्होंने कहा कि नीट यूजी की विस्तृत रूपरेखा अगले दो–तीन हफ्तों में घोषित किए जाने की आशा है।

मतदाता

प्रदेश में मतदाता सूची में नाम जोड़ने और संशोधन के लिए अब तक 1 लाख 16 हजार 428 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 18 से 19 आयुवर्ग के 38 हजार 909 आवेदन शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी पुरुषोत्तम के निर्देश पर ये प्रक्रिया व्यापक स्तर पर चलाई जा रही है। अक्टूबर से प्रारंभ हुए इस अभियान में नए और युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने पर विशेष ध्यान दिया गया। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग हर साल विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत वोटर लिस्ट को अपडेट करता है। इस बार 4 अर्हता तिथियों (1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई, 1 अक्टूबर) के आधार पर नाम जोड़ने की सुविधा दी गई है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नागरिक फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। यह प्रक्रिया युवा मतदाताओं को लोकतंत्र में भागीदारी के लिए प्रेरित करने का एक बड़ा कदम है। इसके तहत जन

जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सभी जिलों में अधिकारियों को सुपर चेकिंग अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पोलिंग बूथ पर जाकर मतदाताओं से फीडबैक लिया जा रहा है। इससे मतदाता सूची को और अधिक सटीक बनाया जा सकेगा। प्रदेश में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि 6 जनवरी 2025 तय की गई है। इसमें सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी पात्र युवा, आगामी चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। समाचार कक्ष से नीता कांडपाल।

वायरल वीडियो

उत्तराखंड पुलिस ने रुद्रप्रयाग जिले के श्री भैरव मंदिर परिसर के वायरल वीडियो का संज्ञान लिया है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म वायरल वीडियो में एक व्यक्ति भैरव मंदिर परिसर में जूतों सहित घूमते हुए तथा हाथ में पकड़े डंडे से भैरवनाथ मंदिर की मूर्तियों से छेड़छाड़ करते हुए दिखाई दे रहा है। मामले का संज्ञान लेते हुए रुद्रप्रयाग पुलिस के स्तर से तत्काल प्रारम्भिक जांच की गयी और प्रथमदृष्ट्या में वीडियो थोड़ा पुराना पाया गया। पुलिस का कहना है कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है।

रसोई गैस

नैनीताल में रसोई गैस की कालाबाजारी रोकने और सही उपभोक्ता की पहचान के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड– डी.ए.सी अनिवार्य कर दिया गया है। डीएसी कोड देने पर ही घरेलू गैस सिलेंडर की घर पर आपूर्ति की जाएगी। कुमाऊं मंडल विकास निगम के अधीन संचालित पर्वत गैस सर्विस की प्रबंधक अंकिता पांडेय ने बताया कि अब ऑनलाइन बुकिंग के साथ ही घर के दरवाजे पर सिलेंडर की आपूर्ति होने पर उपभोक्ता को डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड देना जरूरी होगा। इसके तहत उपभोक्ता के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी कोड भेजा जाता है, यह कोड उपभोक्ताओं को डिलीवरी बॉय को अनिवार्य रूप से बताना होगा। इसके बाद ही गैस की डिलीवरी की जाएगी।

सतपुली झील

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल पौड़ी जिले में नयार नदी पर 56 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सतपुली झील का शिलान्यास करेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। जिलाधिकारी डॉक्टर आशीष चौहान ने मुख्यमंत्री के सतपुली दौरे को लेकर सभी जिला स्तरीय अफसरों की बैठक ली। उन्होंने पुलिस, राजस्व, समेत सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को समन्वयक बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। अधिशासी अभियंता सचिन शर्मा ने बताया कि सतपुली की यह बहुद्देशीय झील होगी, जिसमें सिंचाई, पेयजल, नौका विहार, मत्स्य पालन के साथ ही पर्यटन की गतिविधियां संचालित की जाएगी और इनके अनुरूप ही झील को तैयार तैयार किया जाएगा। झील की लम्बाई करीब 750 मीटर और 82 मीटर चौड़ा होगा। झील के जलाशय की अधिकतम भंडारण क्षमता 59 हजार क्यूबिक मीटर होगी।

राष्ट्रीय खेल

नैनीताल जिले के हल्द्वानी में 38वें राष्ट्रमंडल खेलों का समापन समारोह प्रस्तावित है। हल्द्वानी में स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में पुरुष फुटबॉल और मिनी स्टेडियम में महिला फुटबॉल के साथ ही अन्य खेलों का भी आयोजन किया जाना है। ये जानकारी देते हुए जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि 30 दिसंबर तक स्टेडियम के सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे और खेल विभाग पूरी तत्परता से इस राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी को तैयार है।

जगरूकता शिविर

अल्मोड़ा जिले में जगरूकता शिविर आयोजित कर छात्रों को विभिन्न कानूनी जानकारियां उपलब्ध कराई। अल्मोड़ा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय के मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ''भारत का संविधान'' विषय पर राजकीय इंटर कॉलेज मनान और राजकीय इंटर कॉलेज दमड़िया में निबंध, स्लोगन, वाद– विवाद प्रतियोगिताएं का आयोजन किया गया। शिविर में छात्रों को को साइबर अपराध, गुड टच, बैड टच, पाक्सो अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम समेत कई विषयों की जानकारियां दी।

पुलिस उपाधीक्षक दूरसंचार

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के तत्वावधान में पुलिस उपाधीक्षक दूरसंचार के पदों के लिए मुख्य लिखित परीक्षा आज दो सत्रों में हरिद्वार में आयोजित हो रही है। पहला सत्र सुबह 10 से 12 बजे तक और दूसरा सत्र अपराह्न 2 से 5 बजे तक होगा। नगर मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान ने बताया कि परीक्षा को निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए परीक्षा केन्द्र और उनके निकटवर्ती स्थानों पर पुलिस और प्रशासन कड़ी निगरानी बनाये हुए हैं।

श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय

श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय 15 केंद्रों पर केंद्रीय मूल्यांकन कराएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। इन दिनों श्रीदेव सुमन विवि में विषम सेमेस्टरों की परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। परीक्षाएं संपन्न होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का केंद्रीय मूल्यांकन कराया जाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय ने 15 केंद्र बनाए हैं। विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं में करीब एक लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। इस बार उत्तर पुस्तिकाओं पर कोडिंग की व्यवस्था विवि के मुख्य केंद्र पर की जाएगी।

मौसम

प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के समाचार मिले हैं। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी से मौसम सर्द हो गया है। चमोली से हमारे सहयोगी ने बताया कि कल बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, रुद्रनाथ, नीती और माणा घाटी के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई। साथ ही निचले इलाकों में शीतलहर से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं।